बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सी॰डब्लू॰जे॰सी॰ संख्या – 1975/2016, कुमार बिशुद्धानन्द सिंह बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में दिनांक 21.03.2017 एवं 11.04.2017 को पारित आदेश के अनुपालन में वि॰सं॰– 15/2014 के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अधीन बिहार स्वास्थ्य सेवा के बेसिक ग्रेड सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार में शामिल एक उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 154495 को कार्यानुभव के लिए अतिरिक्त 10 अंक दिया गया है, का अतिरिक्त परीक्षाफल

वि॰सं॰– 15/2014 के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अधीन बिहार स्वास्थ्य सेवा के बेसिक ग्रेड सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु सफल उम्मीदवारों का परीक्षाफल 12.10.2015 को प्रकाशित किया गया था जिसमें दिनांक 28.12.2015 को प्रकाशित शुद्धि–पत्र के अनुसार कुछ संशोधन किये गये थे।

परीक्षाफल प्रकाशन के बाद उक्त साक्षात्कार में सम्मिलित एक उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 154495 द्वारा उनके कार्यानुभव के लिए आयोग द्वारा दिये गये 10 अंक के अतिरिक्त 10 अंक का दावा करते हुए उच्च न्यायालय, पटना में सी॰डब्लू॰जे॰सी॰ संख्या – 1975/2016, कुमार बिशुद्धानन्द सिंह बनाम राज्य सरकार एवं अन्य दायर किया गया था, जिसमें माननीय न्यायालय ने दिनांक 21.03.2017 एवं 11.04.2017 को पारित आदेश द्वारा उक्त उम्मीदवार द्वारा किये गये अतिरिक्त 10 अंक के दावा को मान्य किया है।

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा पारित उपर्युक्त आदेश के अनुपालन में आयोग द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त अनुक्रमांक – 154495 को वि॰सं॰– 15/2014 के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अधीन बिहार स्वास्थ्य सेवा के बेसिक ग्रेड सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु उनकी आरक्षण कोटि में कट–ऑफ अंक से अधिक अंक प्राप्त करने के फलस्वरूप उन्हें सफल घोषित किया जाता है।

07/7/2017

तिथिः 07 जुलाई, 2017

विशेष सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना